भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2146

दिनांक 02 अगस्त,2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

जीईएम

2146. श्री सु. थिरुनवुक्करासरः

क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकारी ई-मार्केट प्लेस (जीईएम) के माध्यम से वस्तुओं और सेवाओं की खरीद अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है ;

(ख) यदि हां, तो प्रक्रिया की विशेषताओं सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके परिणामस्वरूप पिछले तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा वर्ष-वार कितनी बचत की गई है; और

(ग) जीईएम किस सीमा तक हितधारकों को निष्पक्ष और न्यायसंगत तरीके से भाग लेने में मदद करेगा?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क): जी हॉं। वित्तीय वर्ष 2022-23 में, सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) ने ₹ 2,01,113 करोड़ का अपना अब तक का उच्चतम सकल व्यापारिक मूल्य दर्ज किया।

(ख): बार-बार, विश्व बैंक और राष्ट्रीय आर्थिक सर्वेक्षण सहित कई अध्ययनों ने सरकारी क्रेताओं की प्रापण बचत के संदर्भ में जीईएम द्वारा सृजित प्रभाव को इंगित किया है । 2020 में विश्व बैंक के एक अध्ययन में जीईएम के माध्यम से औसतन 9.75% लागत बचत का अनुमान लगाया गया और विक्रेताओं की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि नोट की।

इकॅनामिक सर्वे 2021-22 ने जीईएम पर सूचीबद्ध 22 सामान्य उपयोग की वस्तुओं की लागत की तुलना अमेज़न और फ्लिपकार्ट जैसे लोकप्रिय ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर लिस्टिंग से की। जेईएम पर 22 वस्तुओं में से 10 वस्तुओं की कीमतें अन्य ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर उपलब्ध वस्तुओं की कीमतों की तुलना में 9.5% कम देखी गईं।

पिछले 3 पूर्ण वित्तीय वर्षों में जीईएम का सकल पण्य-वस्तु मूल्य (जीएमवी) ₹ करोड़ में	
2020-21	38,573
2021-22	106,547
2022-23	201,113

जीईएम ने 23 जुलाई, 2023 (सूत्रपात के बाद से) तक 4.5 लाख करोड़ से अधिक का संचयी जीएमवी हासिल किया है । इसलिए, ऊपर बताए गए बचत अनुमानों पर विचार करते हुए,जीईएम ने अपने सूत्रपात के बाद से ₹ 40,000 करोड़ से अधिक की बचत की सुविधा प्रदान की है।

बचत को सक्षम करने वाली प्रमुख विशेषताएं: उच्च विक्रेता भागीदारी, वास्तविक समय मूल्य तुलना, भारी छूट, प्रतिस्पर्धी बोली, रिवर्स नीलामी और मांग एकत्रीकरण जैसी बेहतर मूल्य खोज कार्यक्षमताएं।

(ग): जीईएम का उद्देश्य सरकारी प्रापण प्रक्रिया में पारदर्शिता, दक्षता और निष्पक्षता लाना है। यह हितधारकों को कई तरह से लाभ पहुंचाता है, जिससे उन्हें न्यायसंगत और निष्पक्ष तरीके से भाग लेने की अनुमति मिलती है। जीईएम एक प्रतिस्पर्धी और कुशल बाज़ार को बढ़ावा देते हुए,सरकारी प्रापण प्रक्रिया में सभी हितधारकों की न्यायसंगत और निष्पक्ष भागीदारी को प्रोत्साहित करता है। यह पारदर्शिता बढ़ाता है, समावेशिता को बढ़ावा देता है और यह सुनिश्चित करता है कि सरकार के लिए सर्वाधिक प्रतिस्पर्धी कीमतों पर सर्वोत्तम उत्पाद और सेवाएँ खरीदी जाएँ।

*****